पानी के क्षेत्र में सर्वाधिक निवेश करने वाला देश भारत : शेखावत

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली: केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि दुनिया में पानी के क्षेत्र में सर्वाधिक निवेश करने वाला देश भारत है। यहां पानी के क्षेत्र में काम करने को लेकर लगातार बेहतर कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री सोमवार को वसंत विहार स्थित एक होटल में आयोजित वाटर डाइजेस्ट मैगजीन के अवार्ड समारोह में बोल रहे थे। यहां पर पानी के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए नीर फाउंडेशन को वर्ल्ड वाटर अवार्ड 2024 से नवाजा गया। यह अवार्ड केंद्रीय मंत्री ने फाउंडेशन के अध्यक्ष रिवरमैन रमन कांत को दिया।

शेखावत ने कहा कि जब देश परिवर्तन की ओर जा रहा था, तब उन्हें पानी के क्षेत्र में काम करने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी। तब से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में

वसंत विहार में आयोजित अवार्ड समारोह में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत (बाएं) रमन कांत को सम्मानित करते हुए ● जागरण

जल शक्ति मंत्रालय पानी को लेकर लगातार काम कर रहा है। इसका परिणाम यह है कि अब देश के अलग-अलग हिस्सों में जनता व विभिन्न संस्थाएं भी काम में सहयोग कर रही हैं। मात्र एक साल में देश में 75 हजार अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। मंत्रालय की तरफ से हर साल पानी के क्षेत्र में किए गए काम की रिपोर्ट जारी की जाती है।

nwda.gov.in